DNEVI POEZIJE IN VINA

. . . Beletrina

Nisem od tega sveta.





www.stihoteka.com

DNEVI POEZIJE IN VINA

. . . Beletrina

MOHAN RANA (IND)

Nekje daleč sem uzrl zvezde

DNEVI POEZIJE
IN VINA

© Beletrina, 2020. Vse pravice pridržane.

Brez predhodnega pisnega dovoljenja Beletrine je prepovedano reproduciranje, distribuiranje, dajanje v najem, javna priobčitev, predelava ali druga uporaba tega avtorskega dela ali njegovih delov v kakršnemkoli obsegu ali postopku, vključno s fotokopiranjem, tiskanjem, javnim interaktivnim dostopom ali shranitvijo v elektronski obliki.

Prva ustanoviteljica Študentske založbe,
predhodnice zavoda Beletrina,
je Študentska organizacija Univerze v Ljubljani.

Vse informacije o knjigah Beletrine dobite na spletnem naslovu:
www.beletrina.si

Kataložni zapis o publikaciji (CIP) pripravili v Narodni in univerzitetni knjižnici v Ljubljani
COBISS.SI-ID=25521411
ISBN 978-961-284-707-4 (pdf)

Mohan Rana NEKJE DALEČ SEM UZRL ZVEZDE

Prevod
Andrej Pleterski

Izvršna urednica
Živa Borak

Lektura
Borut Omerzel

Prelom
Jana Kuharič

Tehnični urednik
Marko Hercog

Izdajatelj
Beletrina
Kersnikova 4, 1000 Ljubljana
www.beletrina.si

Za založbo
Mitja Čander

Elektronska izdaja

Ljubljana 2020

Mohan Rana
NEKJE DALEČ SEM UZRL ZVEZDE

iz angleščine prevedel Andrej Pleterski

क्या तुमने भी सुना

चलती रही सारी रात
तुम्हारी बेचैनी लिज़बन की गीली सड़कों पर
रिमझिम के साथ
मूक कराह कि
जिसे सुन जाग उठा बहुत सबेरे,
कोई चिड़िया बोलती झुटपुटे में
जैसे वह भी जाग पड़ी कुछ सुनकर
सोई नहीं सारी रात कुछ देखकर बंद आँखों से
चलती रही तुम्हारी बेचैनी
मेरे भीतर
टूटती आवाज़ समुंदर के सीत्कार में
उमड़ती लहरों के बीच,
चादर की तहों में करवट बदलते
क्या तुमने भी सुना उस चिड़िया को?

Si slišal tudi ti?

Vso noč je tvoj nemir
hodil po mokrih ulicah Lizbone,
cap, cap.
Ob svitu me je prebudila
tiha tožba.
V zarji
je prepevala ptica –
tudi njo je nekaj prebudilo.

Vso noč je, nespečen,
v meni še naprej hodil
in miže strmel
tvoj nemir.
Zvok se je razlegel
z vdihom oceana sredi naraslih valov.
Si med obračanjem sredi pregibov rjuh
tudi ti slišal ptico?

Did You Hear It Too?

All night long your restlessness
walked the wet streets of Lisbon,
pitter-patter.
A silent moan
woke me at daybreak.
A bird
was singing in the dawn:
something had woken it up too.

All night long your restlessness,
unable to sleep, walked and peered
with eyes closed
inside me.
A sound broke in the ocean's sigh
amidst the rising waves.
Turning over in the sheets' folds,
did you hear the bird too?

अपनी कही बात

उन्होंने कहा न जाओ दुनिया के छोर तक
डर जाओगे अपनी लम्बी परछाई को देख,
उस पार पंखों वाले अजगरों की दुनिया है
उनकी उगलती आग से उजली धरती
जहाँ न रात है न दिन अगर तुम पहुँचे तो
राह देखते पत्थर में बदल जाओगे,
जैसे किसी और से सुनी हो यह
अपनी कही बात
जीवन में रिहर्सल की संभावना होती तो
लिख रखे हैं पटकथा में कुछ परिवर्तन,
टाल नहीं सकता अपनी कही बात
लौटना
जाना
तुमसे प्रेम करना,
न लिखे कई दिनों तक,
पर मैं भला न था
बुरे दिनों को जीते मैं बुरा होता रहा
मैं समय की तरह अगोचर हो गया
घड़ी में घूमता लगातार
अपनी ही कही किसी बात पे सनकाया सा

Z lastnimi besedami

Rekli so: ne hodi na konec sveta,
kajti tvoja vse daljša senca te bo prestrašila.
Tam je svet krilatih pitonov,
tamkajšnja zemlja plameni od ognja, ki ga bruhajo.
Če boš prišel tja, kjer ni ne dneva ne noči,
boš med čakanjem okamnel.

Kakor bi tedaj lastne besede slišal
od nekoga drugega.
Če bi lahko imel generalko za celotno življenje,
bi v besedilo vnesel nekaj sprememb,
a lastnim besedam ne morem ubežati:
z vračanjem,
odhajanjem,
ljubljenjem tebe.

Več dni nisem mogel pisati,
nisem bil v redu.
V težkih časih sem še naprej postajal težak,
nedovzeten kot čas,
kot ujet v urni mehanizem,
ponorel zaradi lastnih besed.

In Your Own Words

They said: Don't go to the end of the Earth
because your lengthening shadow will frighten you.
There it is the world of winged pythons;
the earth there is ablaze with the fire they spit.
If you arrive where it is neither day nor night
you'll be turned into stone while you are waiting.

As if I had heard these words of mine
from somebody else.
If I'd had a full life rehearsal
I'd have made some changes to the text;
but I can't get away from my own words:
returning;
going away;
loving you.

But I wasn't good enough,
I couldn't write for days.
Living in evil times, I turned evil;
not seeing time passing,
I became imperceptible
as if trapped in clockwork
driven crazy by my own words.

तीसरा पहर

मैंने तारों को देखा बहुत दूर
जितना मैं उनसे
वे दिखे इस पल में
टिमटिमाते अतीत के पल
अँधेरे की असीमता में,
सुबह का पीछा करती रात में
यह तीसरा पहर

और मैं तय नहीं कर पाता
क्या मैं जी रहा हूँ जीवन पहली बार,
या इसे भूलकर जीते हुए दोहराए जा रहा हूँ
सांस के पहले ही पल को हमेशा

क्या मछली भी पानी पीती होगी
या सूरज को भी लगती होगी गरमी
क्या रोशनी को भी कभी दिखता होगा अंधकार
क्या बारिश भी हमेशा भीग जाती होगी,
मेरी तरह क्या सपने भी करते होंगे सवाल नींद के बारे में

दूर दूर बहुत दूर चला आया मैं
जब मैंने देखा तारों को - देखा बहुत पास,

Po polnoči

Nekje daleč sem uzrl zvezde,
kot sem daleč od njih tudi sam.
V tistem hipu so se pokazali –
trenutki migotave preteklosti.
V brezdanjosti temote.
Te ure vso noč
lovijo jutro.

In ne morem se odločiti:
Ali to življenje živim prvič?
Ali pa ga ponavljam, pozabljam, ko
vsakič podoživljam prvi trenutek diha?

Ali tudi ribe pijejo vodo?
Ali sonce čuti vročino?
Ali svetloba vidi temo?
Ali se tudi dež vedno zmoči?
Ali sanje sprašujejo o spanju kot jaz?

Daleč, daleč sem hodil,
in ko sem uzrl zvezde, so bile čisto blizu.

After Midnight

I saw the stars far off -
as far as I from them:
in this moment I saw them -
in moments of the twinkling past.
In the boundless depths of darkness,
these hours
hunt the morning through the night.

And I can't make up my mind:
am I living this life for the first time?
Or repeating it, forgetting as I live
the first moment of breath every time?

Does the fish too drink water?
Does the sun feel the heat?
Does the light see the dark?
Does the rain too get wet?
Do dreams ask questions about sleep as I do?

I walked a long, long way
and when I saw, I saw the stars close by.

आज बारिश होती रही दिनभर
और शब्द धुलते रहे तुम्हारे चेहरे से

Danes je bil ves dan dež
in ti spiral besede z obraza.

Today it rained all day long and the words were
    washed away
from your face.

पानी का रंग

यहाँ तो बारिश होती रही लगातार कई दिनों से
जैसे वह धो रही हो हमारे दाग़ों को जो छूटते ही नहीं
बस बदरंग होते जा रहे हैं कमीज़ पर
जिसे पहनते हुए कई मौसम गुज़र चुके
जिनकी स्मृतियाँ भी मिट चुकी हैं दीवारों से

कि ना यह गरमी का मौसम
ना पतझर का ना ही यह सर्दियों का कोई दिन
कभी मैं अपने को ही पहचान कर भूल जाता हूँ

शायद कोई रंग ही ना बचे किसी सदी में इतनी बारिश
के बाद
यह कमीज़ तब पानी के रंग की होगी!

Barva vode

Pada dež, dan za dnem,
kot bi skušal očistiti
naše trdovratne madeže,
a zgolj razbarva
to srajco, v kateri je minilo več letnih časov,
in spomini nanje so se prav tako sprali
z zidov.

To ni poletni dan,
niti jesenski niti zimski:
včasih se prepoznam,
nato pa pozabim.

Morda po tolikšnem dežju
čez kakšno stoletje ne bo več nobene barve,
moja srajca pa bo imela barvo vode.

The Colour of Water

Rain falling, day after day,
as if trying to clean off
our permanent stains,
but all it does is discolour
this well-worn shirt,
and wash the memory
of all the passing seasons
from the walls.

This is not summer
nor autumn nor winter:
sometimes I recognize myself,
then forget.

Maybe after so much rain
all colour will be washed out
and my shirt then be the colour of water.

फोटोग्राफ़ में

दोनों ओर जंगल बीच रास्ता रोशनी और दिशा के साथ
दोनों ओर जंगल कहकहाता बीच रास्ता शांत
दोनों ओर जंगल चीख़ता बीच रास्ता विरक्त
दोनों ओर जंगल सपनों में डूबा बीच रास्ता यह विमुक्त
किसी नींद से
हिलता यह दृश्य आँखों में जैसे पानी की सतह पर कोई
प्रतिबिम्ब,
चौंकता चेहरा झुका हुआ उस पर
बंद गीली आँखों में
डबडबाती एक दुनिया,
दिशासूचक की तरह ले जाता
तुम्हारे भीतर प्रेम किसी अनजाने रास्ते पर तुम्हें
और सच कर देता है मुक्त,
खोल दो अपनी बंद हथेलियों को
हवा नहीं छुप सकती उनमें
रोशनी भी नहीं

Fotografija

Na obeh straneh gozd, v sredini pot, svetloba in
smer.
Na obeh straneh gozd, glasen smeh, v sredini pot,
tišina.
Na obeh straneh gozd, vpitje, v sredini pot,
nepremičnost.
Na obeh straneh gozd, potopljen v sanje, v sredini
pot, prosta spanca.

Ta prizor v očeh drhti kot odsev na vodni gladini.
Osupel obraz, ki se sklanja nad njo.
V zaprtih, vlažnih očeh
se razliva svet.
Kot kompas te ljubezen znotraj tebe
popelje na neznano pot
in resnica te osvobodi.

Razpri stisnjene dlani.
Veter se ne more skriti vanje,
tudi svetloba ne.
Zaprle so se v lastno ječo.

The Photograph

Woods on either side: light along the path down the
middle.
Woods on either side and loud laughter: path silent
down the middle.
Woods on either side, and screams: path unmoved
down the middle.
Woods on either side, bathed in dreams: the path
released from sleep.

This vision trembles on the eyes like the mirroring
surface of water.
A face bent over it is startled
at the world shimmering
in those shut, moist eyes:
like a compass, the love inside you
takes you on an unfamiliar path
and the truth releases you.

Open out your clenched palms.
The wind can't hide inside them,
nor light either.

वे ख़ुद को ही क़ैद किए हुए हैं इस जेल में,
देखना चाहता हूँ तुम्हारा चेहरा
किसी अकस्मात से पहले

Videti želim tvoj obraz,
nato pa presenečenje.

They have made their own prison.
I want, suddenly, to see your face:
then to be surprised.

Translated by Bernard O'Donoghue and Lucy Rosenstein

कुछ कहना

कुछ कहना क्या उचित है अपने बारे में,
इतना ही पर्याप्त है

नीली आँखों वाली काले रंग की चिड़िया हूँ
मेरे पंखों में सिमटी हैं सीमाएँ
मेरी उड़ान ने छुआ आकाश के रंग को
मैंने उचक कर देखा उसके परे अंधकार को भी
सूखती हुई नदियों और दौड़ते रेगिस्तान का पीछा मैंने
किया है
जलते हुए वनों में झुलसी हूँ मैं कभी,
बारिश में घुलते दुख को मैंने चूमा है,
मैंने देखा बाढ़ से घिरे पेड़ पर जनम देती स्त्री को,
कितनी ही बार बदला है मैंने इस देह को
हर बार मैं नीली आँखों वाली काली चिड़िया हूँ।

कठिन ढलानों पर चढ़ते छुपते
युद्धों से भागते लोग मुझे देख रुकते
सोचते वे नहीं हो सकते कभी
इतनी उँचाई पर इतनी दूर फिर भी मैं इतने पास उनके
मन में,
लंबी लकीरों में उनके चेहरों की टूटते बनते हैं देश

Modrooki kos

Ali je prav, da govorim o sebi?
Toliko bo dovolj:
Sem modrooki kos,
moja krila poznajo vse smeri,
moj let je dosegel barvo neba,
med dviganjem v višave sem uzrl tudi temo onstran,
sledil sem usihajočim rekam in naraščajočim
puščavam,
osmodilo me je v gorečih gozdovih,
poljubil sem muko, ko se je topila na dežju,
videl sem žensko, ki je rojevala na drevesu v poplavi,
tolikokrat sem zamenjal telo,
a sem še vedno modrooki kos.

Ljudje na begu, ki se pred vojno skrivoma
vzpenjajo po nepredvidljivih pobočjih, zastanejo,
ko me zagledajo, presunjeni, da so tako visoko,
tako daleč,
čeravno živim v njihovih srcih.
V globokih brazdah njihovih obrazov
se sesuvajo in obnavljajo države.

The Blue-Eyed Blackbird

Is it right to speak of myself?
This will do:
I am a blue-eyed blackbird
My wings know all directions
My flight has touched the colour of the sky
When soaring aloft I've glimpsed the darkness
beyond
I've tracked drying rivers and swelling deserts
I've been singed in burning forests
I've kissed anguish as it melts in the rain
I've seen a woman give birth in a tree besieged by
flood
I've changed my body so many times
and yet I am always a blue-eyed blackbird

People in flight from war, in hiding,
climbing steep slopes, stop when they see me
Stunned they are so high, so far,
even though I live in their hearts
In the deep lines of their faces
countries are shattered and rebuilt

वे खरीदते हैं नए ताले नई चाबियाँ अपने स्वर्ग के लिए,
क्या सोचा होगा बोअबदिल ने इज़ाबेला को अलामबरा
की चाबियाँ सौंपते
बस धीमे से कहा उसने "ये लो स्वर्ग की चाबियाँ"

यह अंतहीन उड़ान जिसमें न दिन है न रात
कभी डूबता और उगता है सूरज एक साथ
मेरी आँखों में बंद हैं देशांतर,
कवि के सपनों की डायरी पढ़ते
धुंध में खोकर गिर पड़ती हूँ कहीं
मिल जाती धरती के कणों में
जनमती फिर नीली आँखों वाली काली चिड़िया

कभी तीर अब बंदूकें तनी हैं जिस पर
डर नहीं है मुझे, पतझड़ के लाल रंग में घुल जाएगा
मेरा रक्त,

किसी और प्रदेश से किसी और दिशा से फिर शुरू
करूँगी उड़ान अपनी,
तुम्हारे ही शब्दों से गढ़ती जीवन को
मैं इस दुनिया की चीज़ नहीं हूँ
कुछ और कहना क्या उचित है अपने बारे में,
इतना ही पर्याप्त है

Oni pa kupujejo nove ključavnice, ključe za nova
nebesa.
Na kaj je mislil Boabdil, ko je Izabeli
izročal ključe Alhambre,
ji zašepetal le: Tu so ključi raja?

Ta neskončni let brez dneva in brez noči,
ko sonce včasih hkrati zaide in vzide.
V mojih očeh je zaklenjena zemljepisna dolžina.
Ob branju dnevnika pesnikovih sanj
izgubljen v megli
padem in se spojim z zemeljskim prahom
in znova se rodi modrooki kos.

Nekdaj puščice, zdaj puške so uperjene vame.
Ne bojim se.
Moja kri se bo pomešala z jesenskim karminom.
Poletel bom spet iz druge države,
druge smeri.
Iz vaših besed bom klesal življenje.
Nisem od tega sveta.
Je prav, če še govorim o sebi?
Toliko bo dovolj.

They buy new locks, news keys to new heavens
What did Boabdil think when he handed the keys
of the Alhambra to Isabella,
whispering, 'Here are the keys to paradise'?

This endless flight with no day and no night
when the sun sets and rises at once
Longitude is locked in my eyes
Reading the diary of a poet's dreams
lost in fog, I fall
merging with the earth's dust
a blue-eyed blackbird is born again

Arrows, now guns, are aimed at me
I have no fear
My blood will mingle with the crimson of autumn
I'll take flight from another country
Another direction
Casting life from your words
I am not of this world
Is it right to speak more of myself?
This will do

धोबी

चमकती हुई धूप सुबह की
चीरती घने बादलों को चुपचाप
देखते भूल गया मैं आकाश को
दुखते हुए हाथ को,
पानी में डबडबाते प्रतिबिम्ब की सलवटें देखते
मैं भूल गया
अपनी उम्र को,
झूमती हुई हरियाली में लहुलुहान छायाओं को देखते
भूल गया मृतकों के वर्तमान को
जो सोचा करने लगा कुछ और,
घोलता नीले आकाश में बादलों के झाबे को
मैं धो रहा हूँ अपने को

Pomivalec

Ko sem tiho opazoval, kako bleščeča
jutranja svetloba trga goste oblake,
sem pozabil na nebo
in bolečo roko.
Ko sem opazoval, kako razlivajoči se odsev
guba vodo,
sem pozabil na svojo starost.
Ko sem opazoval okrvavljene
sence v zibajočem zelenju,
sem pozabil na zdajšnjost mrtvih
in pomislil na nekaj drugega.
Ko mešam košaro oblakov
na sinjem nebu,
se umivam.

The Washerman

Silently watching the morning's brilliant
light tear the dense clouds
I forgot the sky and
the aching hand
Watching the brimming reflection
wrinkle the water
I forgot my own age
Watching the bloodied
shadows in the swaying greenery
I forgot the nowness of the dead
and turned to something else
Stirring the basket of clouds
into the blue sky
I wash myself

Translated by Lucy Rosenstein

होगा एक और शब्द

नीली रंगतें बदलतीं
आकाश और लहरों की
बादल गुनगुनाता कुछ
सपना सा खुली आँखों का
कैसा होगा यह दिन
कैसा होगा
यह वस्त्र क्षणों का
ऊन के धागों का गोला
समय को बुनता
उनींदे पत्थरों को थपकाता

होगा एक और शब्द
कहने को
यह किसी और दिन

Druga beseda za to

Vselej drugačne modrine
neba in valov.
Oblak mrmra sanje
pri odprtih očeh.
Kakšen bo torej ta dan,
to oblačilo trenutkov?
Klobčič volne,
ki plete čas,
boža dremotne kamne.

Verjetno obstaja boljši način,
kako to povedati
kdaj drugič.

Another Word for It

Different blues
in sky and waves.
The cloud hums a dream
of eyes open.
So what will this day be like,
this garment of moments?
The ball of thread
that knits time
taps the sleepy stones.

There may be a better way
to say this
some other day.

नक़्शानवीस

पंक्तियों के बीच अनुपस्थित हो
तुम एक ख़ामोश पहचान
जैसे भटकते बादलों में अनुपस्थित बारिश,
तुम अनुपस्थित हो जीवन के हर रिक्त स्थान में
समय के अंतराल में
इन आतंकित गलियों में।
मैं देखता नहीं किसी खिड़की की ओर
रुकता नहीं किसी दरवाज़े के सामने
देखता नहीं घड़ी को
सुनता नहीं किसी पुकार को,
बदलती हुई सीमाओं के भूगोल में
मेरा भय ही मेरे साथ है।

Kartograf

Med vrsticami si ti,
odsoten, a z nekakšno tiho prisotnostjo,
kot je v mimobežnih oblakih odsoten dež.
Odsoten si v vsaki praznini življenja.
V vsakem presledku časa
na teh cestah panike.
Ne gledam skozi nobeno okno,
ne ustavljam se pri nobenih vratih,
ne gledam na uro,
ne slišim nikogaršnjega klica.
V zemljepisu spremememb meja
je moj edini družabnik strah.

The Cartographer

Between the lines it's you,
absent, but a silent presence
just as the rain is absent in the passing clouds.
There you are, absent, in every empty space
of life. In every gap of time
on these panic-stricken roads.
I don't look out any window,
I don't stop at any door
I don't watch the clock
I hear no one's call.
As geography changes its borders,
fear is my sole companion.

Translated by Bernard O'Donoghue and Lucy Rosenstein

एक पैबंद कहीं जोड़ना

वो जंगल पहले सूखा मेरे भीतर
पत्थर हुई नदी आकाश हुआ बांझ वहाँ
धरती हुई परती सबसे पहले वहाँ
फैला मरुथल
सोखते की तरह सोख लेता हर नमी को
कि हर आकार गिर पड़ता अपनी ही जड़ों में,
पहले पहल किया मैंने रेत के पुल को पार वहाँ
उसे शब्दों में कहने से पहले,
पाँवों तले दिखा कुछ हरा सा सूखता
एक याद जो बालू हो गई छूते ही
वहीं खो गए मेरे पदचिन्ह
बौराई घूमती एक गरम हवा
उधेड़ती साँसों को फेफड़ों से

बाहर दिखते भीतर के अंतरलोक में
बचे हैं व्यतीत दिन मकड़जालों में
टूटी हुई कुदालों के साथ बैठी हैं आशाएँ
दिन के अधूरे छोरों पर
एक पैबंद कहीं जोड़ना
कि बन जाय कोई दरवाज़ा,

Zaplata

Gozd se je najprej posušil v meni.
Reka je okamnela.
Nebo je ogolelo.
Zemlja je opuščena.
Širila se je puščava
in sleherno kapljico posrkala kot pivnik.
Sleherna oblika je zgrmela do korenin,
tam sem bil prečkal peščeni most.

Pod nogami se mi je posušil zelen poganjek.
Spomin – takoj ob dotiku – je postal pesek.
Moje stopinje so izginile.
Naokrog se je vrtinčil zblaznel vroči zrak
in cefral dah iz mojih pljuč.

Pretekli dnevi so shranjeni v pajčevinah,
v zunanjih ogledalih notranjega sveta.
Upi ležijo naokoli s polomljenimi lopatami.
Prišij zaplato
na raztrgane robove dneva,
da se lahko odprejo kakšna vrata.

A Patch

The forest first dried inside me
The river turned into stone
The sky became barren
The earth fallow
Desert spread
soaking up every drop like blotting paper
Every shape tumbled onto its roots,
I had crossed a sand bridge there

A green shoot dried under my feet
A memory – just touched – became sand
My footprints disappeared
Crazed hot air whirled about
unravelling breath from my lungs

Past days are saved in spider webs
in the outer mirrors of the inner world,
Hopes lie around with broken spades
Sew a patch
on the torn fringes of the day
so that a door may open

इस सदी को रास्ता नहीं मिल रहा समय की अंधी गली में

खुली आँखों से दिखता है जो अब
ये दुनिया इसका आसपास
धूल होते शब्द,
पहले मेरे भीतर ही उड़ी थी आँधी

To stoletje je zatavalo
na temni stezi časa.

Odprtih oči vidim
ta svet, vsenaokrog
se besede spreminjajo v prah.
Najprej je v meni
zabučal peščeni vihar.

This century has lost its way
in the dark lane of time

With eyes open I see
this world, all around
words turn into dust
First inside me,
the sand storm has struck

Translated by Lucy Rosenstein

अर्थ शब्दों में नहीं तुम्हारे भीतर है

मैं बारिश में शब्दों को सुखाता हूँ
और एक दिन उनकी सफ़ेदी ही बचती है
जगमगाता है बरामदा शून्यता से
फिर मैं उन्हें भीतर ले आता हूँ

वे गिरे हुए छिटके हुए क़तरे जीवन के
उन्हें चुन जोड़ बनाता कोई अनुभव
जिसका कोई अर्थ नहीं बनता
बिना कोई कारण पतझर उनमें प्रकट होता
बाग़ की सीमाओं से टकराता
कोई बरसता बादल,
दो किनारों को रोकता कोई पुल उसमें
आता जैसे कुछ कहने

अक्सर इस रास्ते पर कम ही लोग दिखते हैं
यह किसी नक़्शे में नहीं है
कहीं जाने के लिए नहीं यह रास्ता,

Pomena ni v besedah

Na dežju sušim besede,
dokler nekega dne ne ostane le belina.
Veranda se blešči od praznine,
nesem jih nazaj noter.

To so kaplje življenja, ki so padle in se razpršile.
Pobiram jih, zlagam in ustvarjam
vzorec, čigar pomena ni moč dognati,
brez razloga
se v njih razodeva
padanje listja.

Ob meje vrta
trči dežni oblak.
Vstopi most, ki je razdvajal
rečna bregova,
kot bi želel nekaj reči.

Po tej cesti navadno potuje zelo malo ljudi.
Na nobenem zemljevidu je ni,
te ceste, ki ne vodi nikamor.

Not What the Words…

I dry out words in the rain
until one day all that is left
is whiteness. The verandah dazzles
with emptiness, so I take them back in.

These are the fallen, scattered shards of life.
I pick them up and fit them all together
to make a pattern whose meaning can't be made out,
though in autumn
the leaves still fall in their season.

A rainy cloud hits
the edges of the garden,
and a bridge that has held apart
two riverbanks
comes in as if to speak.

As a rule few people travel this road.
It features on no map,
this road that leads nowhere.

बस जैसे चलते-चलते कुछ उठा कर साथ लेते ही
बन पड़ती कोई दिशा,
जैसे गिरे हुए पत्ते को उठा कर
कि उसके गिरने से जनमता कोई बीज कहीं

A brž ko med hojo kaj poberem,
se nenadoma pojavi smer: kot se, kadar pade list,
iz tega padanja nekje rodi seme.

But when, out for a walk, I pick something up,
the track appears: just as, when a leaf falls,
a seed somewhere is born out of that falling.

Translated by Bernard O'Donoghue and Lucy Rosenstein

अनुक्रम

क्या तुमने भी सुना 4
अपनी कही बात 6
तीसरा पहर 8
पानी का रंग 12
फोटोग्राफ़ में 14
कुछ कहना 18
धोबी 22
होगा एक और शब्द 24
नक़्शानवीस 26
एक पैबंद कहीं जोड़ना 28
अर्थ शब्दों में नहीं तुम्हारे भीतर है 32

Vsebina

Si slišal tudi ti? 5
Z lastnimi besedami 7
Po polnoči 9
Barva vode 13
Fotografija 15
Modrooki kos 19
Pomivalec 23
Druga beseda za to 25
Kartograf 27
Zaplata 29
Pomena ni v besedah 33

Contents

Did You Hear It Too? 5
In Your Own Words 7
After Midnight 9
The Colour of Water 13
The Photograph 15
The Blue-Eyed Blackbird 19
The Washerman 23
Another Word for It 25
The Cartographer 27
A Patch 29
Not What the Words… 33

Mohan Rana

(1964, Indija), hindijski pesnik, odrasel v New Delhiju, že dolgo živi v Bathu v Angliji. V poeziji raziskuje teme identitete, resnice, spominov in narave. Objavil je osem pesniških zbirk v hindiju. Sodeloval je na domačih in tujih pesniških festivalih Ledbury (2011), Stanza (2014), Svetovnem knjižnem sejmu v New Delhiju (2014), Slovenskem knjižnem sejmu v Ljubljani (2016), angleškem literarnem salonu PEN na londonskem knjižnem sejmu in festivalu umetnosti in literature Odisha v Bhubaneswarju (2018). Njegova poezija je prevedena v španski, italijanski, norveški, nemški, hrvaški, beloruski, nepalski in slovenski jezik ter v marathi.

(1964, India) is a Hindi poet who grew up and studied in Delhi. Now living for many years in Bath, England, he has been writing poems exploring themes of identity, truth, memories, and nature. He has published eight poetry collections in Hindi. Rana participated in the Ledbury Poetry Festival (2011), Stanza International Poetry Festival (2014), New Delhi World Book Fair (2014), Slovenian Book Fair Ljubljana (2016), English Pen Literary Salon at London Book Fair (2017) and Odisha Art & Literature Festival, Bhubaneswar (2018). His poems have been translated into Spanish, Italian, Norwegian, German, Croatian, Slovenian, Belarusian, Marathi and Nepali.